एक नजर में

नया रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी ब्लैक एडीशन

इंदौर. 'डिप्ड इन ब्लैक' के रूप में, रेंज रोवर ने आज रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी ब्लैक का प्रीव्यू किया, जिसमें उत्कृष्ट फीचर्स और डीटेलिंग के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है. शानदार लक्ज़री परफोर्मेन्स देने वाली एसयूवी के रूप में रेंज रोवर की स्पोर्ट एसवी प्रतिष्ठा पर आधारित यह पेशकश 2025 के अंत तक ऑर्डर पर उपलब्ध होगी- जो ऑल ब्लैक लुक के सदाबहार आकर्षण का जश्न मनाती है. मार्टिन लिम्पर्ट, ग्लोबल मैनेजिंग डायरेक्टर, रेंज रोवर ने कहा रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी ब्लैक, स्पोर्टिंग लक्ज़री का प्रतिनिधित्व करती है; जो अपने आप में बोल्ड स्टेटमेन्ट है. हमने ऐसा वाहन बनाया है जो मजबूती के साथ समझौता किए बिना, प्योर पावर एवं परफोर्मेन्स के संयोजन के साथ उपभोक्ताओं को खूब लुभाता है. हमने पहली बार रेंज रोवर में नई फिनिश के साथ डीटेल पर ज्यादा ध्यान दिया है, जो सही मायनों में हमारे शिल्प कौशल को दर्शाता है.

नथिंग फ़ोन (3) और हेडफ़ोन (1) लॉन्च

इंदौर. लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने आज भारत में दो श्रेणी-परिभाषित उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की - नथिंग फ़ोन (3), इसका पहला ट्रू फ्लैगशिप स्मार्टफ़ोन, और नथिंग हेडफ़ोन (1), इसका पहला ओवर-ईयर ऑडियो उत्पाद है. दोनों उत्पाद इनटेंशनल डिज़ाइन और बोल्ड इनोवेशन के साथ उपभोक्ता तकनीक की पुनर्कल्पना करने के नथिंग के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं. नथिंग फ़ोन (3) स्मार्टफ़ोन परफ़ॉरमेंस और एक्सप्रेशन के एक नए युग की शुरुआत करता है. इसे टेक फ़ील महसूस कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है. इसमें प्रो-ग्रेड ट्रिपल कैमरा सिस्टम है. नथिंग हेडफ़ोन (1) ओवर-ईयर ऑडियो श्रेणी में नथिंग की एंट्री को चिह्नित करता है. केईएफ के सहयोग से तैयार, यह एक्सप्रेसिव डिज़ाइन को सटीक इंजीनियरिंग के साथ जोड़ता है. इनकी बिक्री 15 जुलाई से फ्लिपकार्ट, फ्लिपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और सभी प्रमुख रिटेल स्टोर पर शुरू होगी.

शाहरूख खान, सिटी ऑफ़ड्रीम्स के उद्घाटन में होंगे शामिल

इंदौर. बॉलीवुड के बेताज बादशाह शाहरूख खान 2 अगस्त को श्रीलंका पहुंच रहे हैं. वे सिटी ऑफ़ड्रीम्स श्री लंका की भव्य ओपनिंग में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे. 'किंग खान' के नाम से दुनिया भर में मशहूर और ढेरों अवॉर्ड जीतने वाले शाहरुख खान को साउथ एशिया के पहले लक्ज़री इंटीग्रेटेड रिज़ॉर्ट की स्थापना के उपलक्ष्य में भव्य ओपनिंग समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है, गौरतलब है कि इस रिज़ॉर्ट का विकास जॉन कील्स होल्डिंग्स एवं मेल्को रिज़ॉर्ट्स एण्ड एंटरटेनमेन्ट की साझेदारी में हुआ है. सिटी ऑफ़ड्रीम्स श्री लंका की भव्य ओपनिंग 2025 में इस क्षेत्र के सबसे ग्लैमरस आयोजनों में से एक होगी, जहां रिज़ॉर्ट के कैंपेन 'लैट्स गो, लैट गो' का आधिकारिक लॉन्च भी होगा.

सितारों के डब्बों में क्या है खास?

इंदौर. एण्डटीवी की लोकप्रिय अभिनेत्रियों सपना सिकरवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की बिमलेश) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी) ने बताया कि वो सेट पर किस तरह का खाना लेकर जाना पसंद करती हैं. सपना सिकरवार ने कहा मेरा डब्बे में घर का बना सादा और स्वादिष्ट खाना होता है- जैसे कि रोटी-सब्ज़ी, दाल-चावल या कभी-कभी बेसन या सूजी का चीला. शाम के लिए मैं कुछ हल्के स्नैक्स भी लेकर आती हूं, जैसे पोहा, उपमा या मसाला मूंगफली. लेकिन एक चीज़ जो हमेशा मेरे टिफ़िन में होती है, वो है अचार-चाहे आम का हो, नींबू का या मिक्स, उसका तीखा चटपटा स्वाद खाने में जान डाल देता है. शुभांगी अत्रे ने कहा मेरे टिफ़िन में आमतौर पर नरम फुल्के और मौसमी हरी सब्ज़ियां जैसे लौकी, टिंडा, भिंडी या पालक पनीर होती हैं. हल्के खाने के दिन मूंग दाल का चीला या सब्जियों वाली खिचड़ी खाना पसंद करती हूं. सलाद मेरी डेली डाइट का हिस्सा है-जिसमें चुकंदर, खीरा, गाजर या स्प्राउट्स ज़रूर होते हैं. थोड़ी एनर्जी के लिए मैं भीगे हुए बादाम, अखरोट और खजूर एक छोटे डब्बे में रखती हूं.

आशा जाकड़ यदुवंशी रत्न से सम्मानित

इंदौर. यदुवंशी समाज ग्वालियर संभाग द्वारा यदुवंशी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया. इसमें मध्य प्रदेश के 45 विद्यार्थियों को 10वीं व 12वीं कक्षा में 80% प्राप्त होने पर रामायण, लैपटॉप बैग आदि देकर सम्मानित किया. 10 लोगों को विशेष योग्यता के आधार पर सम्मानित किया गया. इसके अंतर्गत आशा जाकड़ को उत्कृष्ट लेखन के क्षेत्र में यदुवंशी रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया.

निसान ने सीएनजी रेट्रोफिटमेंट के दूसरे चरण की शुरुआत की

इंदौर. निसान मोटर इंडिया ने अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी नई निसान मैग्नाइट के लिए सीएनटी रेटोफिटमेंट किट उपलब्ध कराने के दूसरे चरण की शुरुआत का एलान किया. इको प्रेंडली सीएनजी का विकल्प अब राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में निसान की अधिकृत डीलरशिप पर उपलब्ध होगा।.पहले चरण में सीएनजी रेट्रोफिटमेंट विकल्प को 7 राज्यों दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और कर्नाटक में उपलब्ध कराया गया था.कंपनी इसके तीसरे चरण की तैयारी भी कर रही है. निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के दूसरे चरण की शुरुआत स्वच्छ परिवहन की बढ़ती मांग और मैग्नाइट की खूबी से समझौता किए बिना ग्राहकों को भरोसेमंद एवं उच्च गुणवत्ता वाले विकल्प प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाती है.

माज़ा ने लॉन्च किया 'मेरी छोटी वाली जीत' प्लेटफॉर्म

इंदौर. कोका-कोला इंडिया का देसी आम आधारित ड्रिंक माज़ा अब लेकर आया है एक खास एआई-पावर्ड डिजिटल प्लेटफॉर्म- 'मेरी छोटी वाली जीत', जो जिंदगी की उन छोटी-छोटी खुशियों को सेलिब्रेट करता है जिन्हें अक्सर हम अनदेखा कर देते हैं. ओगिल्वी इंडिया द्वारा विकसित इस प्लेटफॉर्म पर यूज़र्स को बस अपनी एक फोटो अपलोड करनी होती है और अपनी 'छोटी वाली जीत' की एक छोटी-सी कहानी शेयर करनी होती है. इसके बदले में माज़ा की खास स्टाइल में एक पर्सनलाइज्ड एनीमेटेड वीडियो तैयार होता है, जो उन पलों को खास और यादगार बना देता है. कोका-कोला इंडिया और साउथ वेस्ट एशिया में न्यूट्रिशन कैटेगरी के मार्केटिंग डायरेक्टर अजय कोनाले ने कहा, इस साल की शुरुआत में हमने माज़ा की नई पोजिशनिंग पेश की रोज़मर्रा की छोटी-छोटी जीतों के लिए एक अनपेक्षित ट्रीट के रूप में. 'मेरी छोटी वाली जीत' प्लेटफॉर्म इसी सोच को आगे बढ़ाता है. यह एक ऐसा अनुभव है जो सहज, आनंददायक और सोशल मीडिया पर शेयर करने लायक है.

स्कूल प्रवेश की उम्र पर बूस्टर डोज़ बेहद ज़रूरी

इंदौर. भारत में बाल टीकाकरण में हो रही प्रगति के साथ, विशेषज्ञ अभिभावकों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं से आग्रह कर रहे हैं कि वे बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम में एक अत्यंत महत्वपूर्ण चरण- स्कूल प्रवेश की उम्र में डिप्थीरिया, टेटनस, पर्टुसिस और पोलियो के बूस्टर डोज़- को नज़रअंदाज़ न करें. यदि बच्चों को समय पर बूस्टर डोज़ नहीं मिलते, तो वे गंभीर बीमारियों के खतरे में आ सकते हैं, विशेष रूप से तब जब वे स्कूल जाना शुरू करते हैं और अधिक लोगों के संपर्क में आते हैं. डॉ. अमित बंग, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ, माई बेबी केयर क्लिनिक उषा नगर इंदौर कहते हैं 4 से 6 वर्ष की उम्र तक आते-आते बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली इतनी विकसित हो जाती है कि वह बूस्टर टीकों पर बेहतर प्रतिक्रिया देती है. यह केवल देखभाल नहीं है, बल्कि यह एक अवसर है जो लंबे समय तक चलने वाली, मज़बूत सुरक्षा प्रदान करने का, जो उन्हें किशोरावस्था तक सुरक्षित रख सके .स्कूल प्रवेश सिर्फ शिक्षा का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य का भी एक स्वाभाविक जाँच बिंदु है .इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स इस उम्र को ज़रूरी बूस्टर डोज़ के लिए उपयुक्त मानती है ताकि बच्चे इन प्रारंभिक वर्षों में सुरक्षित रह सकें.

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस का बिग रीड ग्लोबल चैलेंज

इंदौर. एक हालिया अध्ययन के मुताबिक, भारतीय हर हफ्ते औसतन 10 घंटे 42 मिनट पढ़ने में बिताते हैं. यानी पढ़ने के समय के मामले में भारत दुनिया में सबसे आगे है. लेकिन इसके बावजूद खासकर स्कूली बच्चों में पढ़ी हुई चीज़ों को समझने और गहराई से जुड़ने की क्षमता में अब भी काफी कमी देखी जा रही है. स्कूल के बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ाने और साक्षरता को मज़बूती देने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (ओयूपी) ने इस साल फिर से ऑक्सफोर्ड बिग रीड ग्लोबल चैलेंज की शुरुआत की है. इस प्रतियोगिता का यह सातवां संस्करण है, और इसके तहत देशभर के स्कूलों को आमंत्रित किया गया है कि वे अपने प्राइमरी, मिडिल और सेकेंडरी स्तर के छात्रों को इस अंतरराष्ट्रीय रीडिंग कॉम्पिटिशन में भाग लेने के लिए प्रेरित करें. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस इंडिया के प्रबंध निदेशक सुकांत दास ने कहा एनसीएफ 2023 ने पढ़ने को एक बुनियादी योग्यता माना है, जो बाकी सभी विषयों की नींव बनती है. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस में हमारा मानना है कि पढ़ना न सिर्फ एक ज़रूरी क्षमता है, बल्कि यह बच्चों में जिज्ञासा, सहानुभूति और स्वतंत्र सोच को भी बढ़ावा देता है.

इकोनॉमिक कॉरिडोर सड़क का ड्राफ्ट प्रकाशित

एमपीआईडीसी के पक्ष में भूधारकों द्वारा रजिस्ट्री प्रक्रिया शुरू

नव भारत न्यूज

इंदौर. एमआईपीडीसी के चर्चित इकोनॉमिक कॉरिडोर सड़क योजना का आज ड्राफ्ट प्रकाशित हो गया है. इसके साथ ही भू धारकों ने एमपीआईडीसी के पक्ष में जमीनों को रजिस्ट्री करना शुरू कर दिया है. आज कुछ भू धारकों ने एमपीआईडीसी को सहमति भी दे दी है. खास बात यह है कि इकोनॉमिक कॉरिडोर की शुरुआत ग्राम कोरडिया बर्डी से शुरू होकर गांव धन्नड तक जाएगी, जिसमें कुल 17 गांव की जमीन सड़क बनाने के लिए ली जा रही है.

एमपीआईडीसी द्वारा निर्मित होने वाली इकोनॉमिक कॉरिडोर योजना रास्ता साफ हो गया है. एमपीआईडीसी की उक्त योजना में भू धारकों को विकसित जमीन का 60 प्रतिशत भू भाग आवंटित किया जाएगा. आज एमपीआईडीसी ने 75 मीटर चौड़ी और 21 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण का ड्राफ्ट प्रकाशित कर दिया है. ड्राफ्ट प्रकाशन के साथ आज ही कुछ भू धारकों द्वारा एमपीआईडीसी के पक्ष में रजिस्ट्री प्रारंभ हो गई है. उक्त योजना के लिए एमपीआईडीसी को 1331 हैक्टेयर जमीन की आवश्यकता है और योजना में 17 गांव की जमीन आ रही है. बताया जा रहा है कि उक्त सड़क का निर्माण जल्द ही शुरू कर 2028 सिंहस्थ के पहले पूरा कर लिया जाएगा. इकोनॉमिक कॉरिडोर सड़क 75 मीटर चौड़ी बनाई जाएगी. साथ ही योजना में सड़क के दोनों ओर 300 - 300 मीटर जमीन पर विकसित प्लॉट भी उद्योग और इंडस्ट्री होंगे, जिसमें भू धारक और एमपीआईडी की 60 और 40 प्रतिशत के अनुपात में हिस्सेदारी होगी.

जल्द जारी होगा गजट नोटिफिकेशन

एक बार और की एमपीआईडीसी द्वारा सड़क का ड्राफ्ट प्रकाशित होने के बाद राज्य सरकार भी जल्द ही इकोनॉमिक कॉरिडोर को लेकर गजट नोटिफिकेशन अगले कुछ दिनों में कर देगी. इकोनॉमिक कॉरिडोर सड़क बनने के बाद पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र राजस्थान और गुजरात से सीधा जुड़ जाएगा. अभी एबी रोड पर महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की तरह जाने के लिए जुड़ा हुआ है. उक्त सड़क से उज्जैन रोड होते हुए सभी वाहन शहर के बाहर से बायपास भी जा सकेंगे.

भागवत कथा सत्य की प्राणप्रतिष्ठा का मार्ग प्रशस्त करती : स्वामी प्रणवानंद

गीता भवन में सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

इंदौर. भागवत हमारे जीवन में सत्य की प्राण प्रतिष्ठा करने का मार्ग प्रशस्त करती है। भारतीय धर्म और सनातन संस्कृति को समृद्ध बनाने वाला कोई अग्रणी ग्रंथ है तो उसका नाम श्रीमद् भागवत के सिवाय कुछ और नहीं हो सकता. भागवत जैसे कालजयी ग्रंथ की अमृत वर्षा देश के जन-जन में आस्था, श्रद्धा और भक्ति का निर्झर प्रवाहमान बनाए हुए हैं. जन्म- जन्मांतर के भाग्योदय और पुण्योदय का फल है भागवत कथा श्रवण का अवसर मिलना।

ये प्रेरक विचार हैं आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती के, जो उन्होंने मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर गुरुवार से प्रारंभ हुए सात दिवसीय भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के शुभारंभ सत्र में व्यक्त किए. गीता भवन में ज्ञान यज्ञ का यह अनुष्ठान 9 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 6.30 बजे तक चलेगा। कथा शुभारंभ के पूर्व गीता भवन परिसर में भागवतजी एवं कथा व्यास आचार्यश्री की शोभायात्रा निकाली गई. व्यासपीठ का पूजन गीता भवन के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी, मनोहर बाहेती, कमल राठी, कांता अग्रवाल, मनोज गुप्ता आदि ने किया। गुरु पूर्णिमा पर 10 जुलाई को सुबह 10.30 बजे गुरु पूजन भी गीता भवन सत्संग सभागृह में होगा.

रोटरी डिस्ट्रिक्ट द्वारा मेगा रक्तदान शिविर

इंदौर. रोटरी वर्ष 2025-26 की शुरुआत रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 ने जोश और ऊर्जा से भरपूर एक ऐतिहासिक पहल के साथ की. डिस्ट्रिक्ट के विभिन्न क्षेत्रों में फैले लगभग 80 रोटरी क्लबों ने मिलकर 35 से अधिक केन्द्रों पर भव्य मेगा रक्तदान शिविरों का आयोजन किया और 1570 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया.

इस प्रेरणादायक अभियान का नेतृत्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन सुशील मल्होत्रा ने किया. कम्युनिटी सर्विसेज चेयर भूतपूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अतुल गार्गव, ब्लड डोनेशन चेयर भूतपूर्व अध्यक्ष अनिल गुप्ता, और को-चेयर भूत पूर्व राकेश शर्मा ने मिलकर इसे सफल रूप दिया. इन शिविरों में भारी संख्या में रक्तदाताओं ने भाग लेकर यह सिद्ध किया कि रोटरी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है जो समाज की भलाई के लिए समर्पित है. रोटरी डिस्ट्रिक्ट पब्लिक इमेज चेयरपर्सन घनश्याम सिंह ने बताया कि इंदौर में 4 जगह पर ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित किए गए. सबसे बड़ा कलेक्शन सेंटर ओम शांति भवन मे किया गया जिसे आयोजित करने में रोटेरियन राकेश भमोरिया जी का विशेष योगदान था.

राष्ट्रीय सम्मेलन में इंदौर का स्वच्छता मॉडल प्रस्तुत

नव भारत न्यूज

इंदौर. हरियाणा के गुरुग्राम में लोकसभा सचिवालय द्वारा शहरी नगरीय निकायों की संवैधानिक लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण में भूमिका के लिए आज सम्मेलन हो रहा है. उक्त सम्मेलन विभिन्न शहरों के सफाई मॉडल और योजनाओं को लेकर आयोजित किया गया है. सम्मेलन का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ने किया. इस मौके पर महापौर ने इंदौर स्वच्छता मॉडल की योजनाएं प्रस्तुत की.

गुरुग्राम में शहरी प्रशासन को अधिक प्रभावी, समावेशी एवं नवाचारोन्मुख बनाने के लिए दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन हो रहा है. उक्त सम्मेलन में विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की योजना है. दो दिवसीय सम्मेलन उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया. उक्त सम्मेलन में इंदौर नगर निगम ने शहरी विकास, स्वच्छता और नवाचार के क्षेत्र में चल रहे विभिन्न कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया. कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने भाग लिया. इंदौर में लागू प्रभावी नवाचारों एवं योजनाओं की जानकारी दी. सम्मेलन में देशभर की नगर निगमों के महापौर, आयुक्त एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया. पहले दिन के सत्र में भुवनेश्वर, कोयंबटूर, इंदौर, लखनऊ, पुणे, सूरत, और विशाखापट्टनम जैसे प्रमुख शहरों की कार्य योजनाओं प्रस्तुत किया गया. सम्मेलन में इंदौर मॉडल को व्यापक सराहना मिली. सम्मेलन में इंदौर की उपलब्धियों को साझा करना उद्देश्य नहीं था, बल्कि अन्य नगर निगमों को भी प्रेरित करने का माध्यम बनाना था.

महापौर और आयुक्त ने प्रस्तुत की योजनाएं

- इंदौर का स्वच्छता मॉडल,
- डिजिटल प्लेट प्रोजेक्ट,
- जनसहभागिता आधारित अभियान,
- सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट,
- हरित शहर की दिशा में उठाए गए कदम।

कीर्तिवान वही होता है जो समाज हित की बात करता है : सत्तन

हिंदी परिवार के तत्वाधान में नवीन उत्सव का आयोजन

इंदौर. स्वयं की परवाह न करके समाज के हित की बात करने वाला इसके लिए स्वयं को समर्पित करने वाला व्यक्ति निश्चित रूप से समाज में कीर्ति पता है. कवि प्रदीप नवीन ने अपना सारा जीवन साहित्य सर्जन और समाज की सेवा करने में समर्पित किया.

उक्त उद्गार राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यक्त किये. प्रसंग रहा प्रदीप नवीन के अमृत महोत्सव पर आयोजित नवीन उत्सव का. सारस्वत अतिथि डॉ. माला सिंह ठाकुर ने कहा कि हमें अपनी भाषा संस्कृति और संस्कारों के साथ सनातन परंपराओं की परवाह करनी चाहिए नवीन जी ने इन सारी बातों का ध्यान रखा है इसलिए वंदनीय है. वीणा के संपादक राकेश शर्मा ने साहित्य सृजन के माध्यम से नवीन के बारे में कहा कि हास्य व्यंग्य के कवि होकर भी इन्होंने कभी ऐसा कुछ नहीं लिखा जो किसी को खटके यह सब के प्रिय रहे हैं. 1 जुलाई 2025 को साहित्यकार नवीन जी ने अपने जीवन के 75 वर्ष पूर्ण किये. इस उपलक्ष में हिंदी परिवार इंदौर के तत्वाधान में जाल सभागृह में नवीन उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जहां करीब 30 से अधिक साहित्यिक और सामाजिक संस्थाओं ने उनका भव्य स्वागत किया. अभिनंदन पत्र का वाचन संतोष मोहंती ने किया स्वागत उद्बोधन सदाशिव कौतुक ने दिया तथा आभार प्रभु त्रिवेदी ने व्यक्त किया. संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन हरे राम बाजपेई ने किया.

स्मारिका का लोकार्पण

इस अवसर पर नवीन जी के जीवन से संबंधित स्मारिका देते हुए शुभकामना का लोकार्पण अतिथियों के द्वारा किया गया. अतिथियों का स्वागत डॉक्टर अरुणा सराफ, मीना निमजे, दीपक शिरालकर नरेंद्र शर्मा, प्रीति काले, प्रमोद काले आदि ने किया. नवीन जी का स्वागत पद्मश्री जगदीश जोशीला, पत्रकार अरविंद तिवारी, कीर्ति राणा, आलोक बाजपेई रामलाल प्रजापति मुकेश तिवारी के अलावा रामेश्वर गुप्ता, गोविंद गुंजन, क्रांति कनाटे बड़ोदरा, शरद जोशी शरद धार, वामा साहित्य मंच इंदौर लेखिका संघ, श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति हिंदी परिवार इंदौर क्षितिज विचार प्रवाह मंच मध्य प्रदेश विद्युत मंडल सेवा निवृत्त संघ मध्य प्रदेश बैंक सेवानिवृत्त महासंघ आदि संस्थाओं के द्वारा किया गया.

जीने की कला कई धर्म ग्रंथ सिखाते हैं, पर मरने की कला केवल भागवत में

शोभायात्रा के साथ परशुराम महासभा द्वारा भागवत कथा का शुभारंभ

इंदौर. रामायण, गीता, वेद, भागवत एवं उपनिषद् हमारे लिए आचार संहिता है, जिनके बताए मार्ग पर चलकर हम अपने जीवन को सभ्य, शालीन, संस्कारित और निर्बाध बना सकते हैं. कलियुग में भागवत को मोक्षदायी ग्रंथ कहा गया है. जीने की कला तो अनेक धर्मगुरु, योगगुरु और धर्मग्रंथो से सीखी जा सकती है, लेकिन मरने की कला केवल भागवत में ही मिलती है. भागवत भगवान कृष्ण का वांगमय में अवतार है, जिसकी महत्ता कभी किसी युग में खत्म नहीं हो सकती.

राजेंद्र नगर स्थित जवाहर सभागृह, टंकी हाल पर परशुराम महासभा की मेजबानी में गुरुवार से प्रारंभ हुए भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में बाल व्यास स्वामी ऋषभदेव ने उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व टंकी हाल से परशुराम चौक तक भागवतजी की दिव्य शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें पार्षद बड़वे, पं. राजेंद्र रामावत, पिंटू शर्मा, युवा वाहिनी अध्यक्ष पं. अनिरुद्ध शर्मा शामिल थे. मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा, रंगोली एवं बधाई गीतों के बीच शोभायात्रा का स्वागत हुआ. बैंड-बाजों की मंगल ध्वनि के बीच मुख्य यजमान श्रीमती पूनम-संजय मिश्रा ने भागवत को मस्तक पर धारण कर नंगे पैर यात्रा की. जवाहर सभागृह पर शोभायात्रा का विराम हुआ. व्यासपीठ का पूजन प्रदेश अध्यक्ष पं. गोविंद शर्मा, पं. संजय मिश्रा, डिंपल शर्मा, श्रीमती पायल शर्मा, कविता मिश्रा, मोनिका शर्मा, मोनिका दुबे सहित विभिन्न ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारियों ने किया. क्षेत्र के रहवासी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. कथा 10 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी.

जन-जन की धरोहर

आचार्य ऋषभ देव महाराज ने कहा कि एक ही कथा को हजारों बार सुनने-पढ़ने के बाद भी यदि उसके प्रति श्रद्धा-आस्था एवं विश्वास में वृद्धि होती रहे तो यह भगवान की वाणी का चमत्कार ही है. भागवत जैसे धर्म ग्रंथ इस देश ही नहीं दुनिया भर में जन-जन की धरोहर है. कई बार श्रवण के बाद भी भक्तों की प्यास को बढ़ाने का काम भागवत और भगवान की वाणी से ही संभव है.

वैष्णव के खिलाड़ियों का मिनी गोल्फ में शानदार प्रदर्शन

इंदौर. बी कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी पूर्वंशी भाटी, प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी रुद्राक्षी शर्मा, प्रथम वर्ष के छात्र सचिन शर्मा, प्रथम वर्ष के छात्र वंश पटेल अपने महा विद्यालय के इन चारों खिलाड़ियों का मध्य प्रदेश की मिनी गोल्फ टीम में चयन हुआ. यह प्रतियोगिता सत्र 2024-25 10वीं सीनियर नेशनल मिनी गोल्फ चैंपियनशिप पुरुष महिला वसंतराव नाइक गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंस, नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित की गई. इसमें मध्य प्रदेश की दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसमें महाविद्यालय के चारों खिलाड़ियों ने सहभागिता की. इस प्रतियोगिता में अलग अलग ग्रुप में 13 राज्यों की टीमों ने सहभागिता की. इस अवसर पर प्रबंधक वर्ग के चेयरमैन अरविंद गुप्ता एवं सचिव महेश चिमनानी द्वारा इस शानदार सफलता पर बधाई दी गई. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी प्रो. विभोर ऐरन एवं खेल अधिकारी डॉ. वी.एस. राणा एवं डॉ. वंदना मिश्रा ने भी छात्रों को बधाई दी.

कार्यक्रम | देश के कोने - कोने से आई तेरह सहेलियां

तीस साल बाद सखियों का मिलन, स्कूल की दोस्ती फिर हुई ताज़ा

इंदौर. पहली कक्षा से लेकर कॉलेज तक का सफर साथ में तय करने वाली इन सखियों की कहानी किसी फिल्म से कम नहीं है. पहले बाल विनय मंदिर, छत्रीबाग और बाद में नलिया बाखल स्थित मारवाड़ी स्कूल तक एक-दूसरे के साथ पढ़ाई, मस्ती, और ज़िंदगी के अनगिनत पल साझा करने के बाद, शादी और जिम्मेदारियों ने उन्हें अलग-अलग दिशाओं में भेज दिया. पर कहते हैं ना, सच्ची दोस्ती वक्त और दूरी की मोहताज नहीं होती.

मोबाइल बातें चलती रही, व्हाट्स एप पर ग्रुप बने, लेकिन बात बात में बात निकली एक बार रूबरू मिलने की. बस फिर क्या था. तारीख मुकर्रर हुई और तीस साल बाद इन सभी सहेलियों का पुनर्मिलन हुआ और वो भी पूरे जोश और प्यार के साथ. कुछ दोस्त बाहर शहरों से विशेष रूप से मिलने आईं, सिर्फ इस बंधन को फिर से जीने के लिए. विशेषता यह थी कि तेरह सहेलियों में से इंदौर की केवल 5 लड़कियां थी अनिला, डिंपल, संध्या, सरिता और संगीता. राधा हैदराबाद, मीनल अहमदाबाद, विनीता बीकानेर से आई तो मोनिका कुक्षी, मोनिका धार, मनीषा चिकली व नीलम निम्बाहेड़ा से इंदौर पहुंची. इंदौर एक रिसोर्ट में दो दिनी इस मिलन समारोह की जब बिदा घड़ी आई तो सबके आंखों में आंसू थे - गम और खुशी के मिले-जुले.